WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 41 मेरठ, मंगलवार 24 अगस्त, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




# पंचतत्व में विलीन हुए कल्याण सिंह











## पूर्व सीएम को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई, राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, स्मृति ईरानी और उत्तराखंड के सीएम ने किया नमन

**अलीगढ़ ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान-हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह पंचतत्व में विलीन हो गए। राजकीय सम्मान के साथ बुलंदशहर जिले के नरौरा स्थित बंशी घाट पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके बेटे राजवीर सिंह ने मुखाग्नि दी। इससे पहले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समेत कई बड़े नेताओं ने पूर्व सीएमको श्रद्धांजलि दी ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतिम संस्कार के बाद सोशल मीडिया पर भी पूर्व सीएम को श्रद्धांजलि दी। लिखा, रामभक्ति में तज दिया, अपने सिर का ताज। राम शरण की ओर चले, परम रामभक्त आज। नरौरी घाट से पहले पूर्व सीएम कल्याण सिंह का पार्थिव शरीर अतरौली स्थित PWD गेस्ट हाउस में रखा गया। यहां गृह मंत्री अमित शाह, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, प्रहलाद पटेल, BJP के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह समेत कई बड़ी हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। हजारों की संख्या में अलीगढ़ के लोगों ने भी उन्हें नमन किया। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह बाबूजी की अंतिम यात्रा में भारी सैलाब उमड़ा। जिस भी रास्ते से बाबू जी का पार्थिव शरीर गुजरा, लोगों की आंखें नम हो गईं। महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चों ने उन पर पुष्प वर्षा की। कई घंटों तक लोग अलीगढ़ के स्टेडियम से बुलंदशहर के नरौरा घाट तक सड़कों के दोनों तरफ खड़े रहे। सुबह 9 बजे से शुरू हुई ये यात्रा शाम तीन बजे नरौरा घाट पहुंची। घाट पर पूर्व ब्ड को श्रद्धांजलि देने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। घाट को चारों तरफ से बंद कर दिया गया था। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आज मैं यहां कल्याण सिंह जी के अंतिम दर्शन के लिए आया हूं। उनका जाना भारतीय जनता पार्टी के लिए बहुत बड़ी क्षति है। भाजपा ने एक दिग्गज नेता खोया है। देशभर में दबे, कुचले, पिछड़ों ने अपना एक अच्छा नेता गंवाया है। राम मंदिर आंदोलन में कल्याण सिंह जी बड़े नेता रहे। उन्होंने आंदोलन के लिए सत्ता त्याग करने के लिए तनिक भी नहीं सोचा। जब राम मंदिर का शिलान्यास हुआ उसी दिन मेरी बाबू जी से बात हुई थी। बड़े हर्ष और संतोष के साथ बताते थे कि मेरा सपना पूरा हुआ। उनका पूरा जीवन उत्तर प्रदेश के गरीब, पिछड़ों के लिए समर्पित रहा।

## कल्याण सिंह के नाम पर होगी राम जन्मभूमि जाने वाली सड़कः केशव मौय

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बड़ा ऐलान किया है। केशव प्रसाद ने कहा कि अयोध्या में राम जन्मभूमि की ओर जाने वाली सड़क का नाम यूपी के पूर्व सीएम कल्याण सिंह के नाम पर रखा जाएगा। अयोध्या के अलावा, लखनऊ, प्रयागराज, बुलंदशहर और अलीगढ़ में एक-एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा जाएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह का 89 वर्षीय में कल निधन हो गया। अंतिम संस्कार में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, सीएम योगी आदित्यानाथ, उत्तराखंड के सीएम सहित कई कैबिनेट मंत्रियों के आने की संभावना है। वीवीआईपी के लिए नरौरा परमाणु केंद्र में चार हेलीपैड बनाए गए हैं। पूर्व सीएम का अंतिम संस्कार नरौरा में होने की जानकारी मिलते ही शनिवार रात मेरठ जोन एडीजी राजीव सभरवाल, आईजी प्रवीण कुमार नरौरा पहुंचे।

## कल्याण सिंह जी के अंतिम संस्कार में पहुंचे मेरठ से सांसद-विधायक

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह जी के अंतिम संस्कार में मेरठ से सांसद व विधायक भी बुलंदशहर पहुंचे। सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, विधायक संगीत सिंह सोम, दर्जा प्राप्त मंत्री सुनील भराला, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपई,पूर्व विधायक अमित अग्रवाल,हरवीर पाल, विनीत अग्रवाल शारदा,वरुण गोयल आदि सहित कई नेता वहां पहुंचे तथा उन्होने कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह को सांत्वना प्रकट की।







# व्यापारियों से जुडी समस्याओं को लेकर अध्यक्ष डीएम से मिले



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष अजय गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों से जुडी समस्याओं के निस्तारण के लिए डीएम के0बालाजी से कैंप कार्यालय पर मिले तथा उनसे काफी देर तक वार्ता की ।इस अवसर पर वरिष्ठ मंत्री ललित गुप्ता अमूल , सह मीडिया प्रभारी सुधांशु जी महाराज , दिवेश त्यागी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सम्राट मलिक की यूवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर पुन: नियुक्ति



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के दिनों पार्टी में उठे विवाद पर सबसे पहले सम्राट मलिक के विरुद्ध कार्रवाई कर प्रदेश उपाध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। बाद में अनेकों पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से अन्य नेताओं के प्रति आरोपों की बौछार के बाद पार्टी हाईकमान ने सभी नेताओं के आचरण की जांच के आदेश दिए। जांच में लीपापोती के बाद किसी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई। आज पार्टी हाईकमान ने सम्राट मलिक के खिलाफ की गई कार्रवाई को भी निरस्त करते हुए उन्हें समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर पुन: नियुक्ति का पत्र दे दिया है। सम्राट मलिक डीएन डिग्री कॉलेज छात्रसां के अध्यक्ष रहे हैं तथा इस वर्ष हुए पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए हैं। सम्राट मलिक के पुन: युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद समूचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

# 25 अगस्त को सर्किट हाउस में होगा जागरूकता शिविर का आयोजन व महिला जन सुनवाई

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया ने बताया कि आगामी 25 अगस्त 2021 को प्रात: 10:30 बजे से सर्किट हाउस मेरठ में राज्य महिला आयोग के निर्देश के क्रम में पात्र बच्चों को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ दिलाए जाने व महिलाओं से संबंधित योजनाओं का महिलाओं को अधिक से अधिक लाभ दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व उनकी समस्याओं के निस्तारण आदि विषय पर जागरूकता शिविर व जनसुनवाई कार्यक्रम राज्य महिला आयोग की सदस्य राखी त्यागी की अध्यक्षता में किया जाएगा।

# गरीब बच्चों को पुस्तके देकर मनाया जंमदिन



**मेरठ दर्पण-बिनौली।** माखर गांव में एक युवक ने सोमवार को अपना जन्मदिन अनूठे तरीके से मनाया। युवक ने गांव के गरीब बच्चों को कॉपी पेन पुस्तके, फल आदि भेंटकर जन्मदिन सेलिब्रेट किया। माखर गांव निवासी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व प्रधान स्वर्गीय अजित सिंह के पुत्र मोहित सोलंकी ने अपना 23 वा जन्मदिन अनूठे अंदाज में मनाया। गांव के परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले 30 गरीब बच्चों को कॉपी, रबर, पेंसिल व फ्रूट आदि देकर मोहित ने अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर उन्होंने गांव के दस गरीब बच्चों की शिक्षा फीस खर्च वहन करने का भी संकल्प लिया। इस तरह जन्मदिन मनाने की ग्रामीण भी सराहना कर रहे हैं।

# युवा लोधी जागरूकता मंच द्वारा शोक सभा का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** युवा लोधी जागरूकता मंच की समस्त टीम ने सामूहिक रूप से शोक सभा का आयोजन करा। जिसमे सभी ने भारतीय राजनीति में ढ़ता पारदर्शिता मूल्यों के प्रति सदैव समर्पित रहने वाले लोकप्रिय जननेता उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री स्वरू कल्याण सिंह लोधी जी को नम्न आखों से व पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रदांजलि दी। इस मौके पर संघठन प्रदेश अध्यक्ष मयंक वर्मा लोधी ने कहा बाबू जी भले ही स्वर्ग लोक में पधार गए हैं लेकिन लोगो के दिल से कभी नही जायेगें वो जाते जाते भी हमे यह सीखा गए है कि पद बड़ा नही होता राष्ट्र व हिंदुत्व बड़ा होता है आज पूरा देश में दु:ख की लहर है। सुशील लोधी अम्बरीश लोधी,उमेश लोधी,डॉ किरण लोधी, ब्रजमोहन लोधी सुशील लोधी सोनू,मनोज,हर्षित, आदि मौजद रहे।

# पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र चौधरी का फूंका पुतला



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह पर टिप्पणी से नाराज रालोद कार्यकर्ताओं ने युवा रालोद नेता संजय चौधरी के नेतृत्व में सरूरपुर गांव में पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र चौधरी के खिलाफ नारेबाजी कर उनका पुतला फूंका। संजय चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह पर टिप्पणी करने से उनकी मानसिकता का पता चलता है और ऐसे लोगों को इस बार चुनाव में सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बागपत का ही नहीं, बल्कि हर जगह का किसान व मजदूर इसकी निंदा कर रहा है। क्योंकि चौधरी चरण सिंह ने हर किसी के उत्थान के लिए कार्य किया है। संजय चौधरी ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा ने जीतने के लिए चौधरी चरण सिंह का फोटो लगाकर वोट मांगी थी और उस कारण ही वह सत्ता में आई थी। लेकिन अब सरकार के लोग उनका ही अपमान कर रहे है जो कि बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस मौके पर ऋषि पाल, गोविंदा, , गजेंद्र, महिपाल, देवेंद्र, धर्मवीर, टीटू, अनंगपाल, अशोक प्रधान, नरेश पहलवान, रामवीर, चंद्रपाल, जितेंद्र, बश्वबी प्रधान, किशनपाल, विष्णु, मदन, हरेंद्र, अमित आदि मौजूद रहे।

# शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुवे मेरठ के सूबेदार श्री राम सिंह भंडारी जी के आवास पर पहुँच कर मेरठ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी के पिता महकार सिंह ने शहीद के चित्र पर पुष्प से श्रधांजलि दी और परिवार के लोगो से मिल कर परिवार की हिम्मत बढ़ाई । महकार सिंह ने परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और कहा के पूरा भारतीय जनता पार्टी परिवार शहीद राम सिंह जी के परिवार के साथ है । इस दौरान साथ मे अनिल चौधरी दबथुआ, नीरज चौधरी , अभिमन्यु सांगवान आदि लोग मौजूद रहे ।



# भाजपा नेता प्रदीप बली का हुआ भव्य स्वागत



**बागपत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदीप बली को भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ का बागपत जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर उनका सरदार पटेल इंटर कॉलेज बली- मेवला में भव्य स्वागत किया गया। प्रदीप बली इसी स्कूल में पढ़े हैं। अध्यापकों ने उन्हें निरंतर राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अपना आशीर्वाद दिया। इसको लेकर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि आगे भी इसी प्रकार उन्हें गुरुओं का मार्गदर्शन और आशीर्वाद मिलता रहे, ताकि वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। इस मौके पर प्रधानाचार्य नवाब सिंह, मास्टर देवेंद्र, मास्टर श्याम वीर, मास्टर संजीव शर्मा, मास्टर पवन, मास्टर ब्रह्मपाल, सतवीर ठेकेदार, अरुण बली मंडल मंत्री भाजपा, ओमबीर धामा आदि थे।

# शहर कोतवाली क्षेत्र में फैक्ट्री मालिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

मुजफ्फरनगर। शहर के मोहल्ला दक्षिणी कृष्णापुरी में दोना फैक्ट्री में मालिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पिछले कुछ दिनों से तनाव में चल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। सूत्रों के मुताबिक दक्षिणी ष्णापुरी निवासी दीपक की घर के पास से ही दोना फैक्ट्री है। सोमवार शाम उसका शव फैक्ट्री के प्रांगण में लटका मिला। घटना की जानकारी के बाद मौके पर आयी पुलिस ने शव को नीचे उतरवा लिया। पुलिस ने परिवार के लोगों से बातचीत की। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में चल रहा था। पिछले दो दिनों से उसने खाना भी नहीं खाया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। उसके दो बच्चे भी है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवेः मुफ्त सफर के आनंद पर विराम, एक सितंबर से लगेगा टोल




मेरठ (अंकित गुप्ता)। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे डीएमई पर पांच महीने के मुफ्त सफर का आनंद अब खत्म होने जा रहा है। चिपियाना अलीगढ़ रेल लाइन में छह लेन का रेलवे ओवरब्रिज आरओबी तैयार होने के बाद नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया एनएचएआई ने परिवहन मंत्रालय से टोल वसूली की मंजूरी मांगी है। बताया गया कि मंत्रालय मौखिक सहमति दे चुका है, बस अब लिखित मंजूरी का इंतजार है। स्वी ति मिलते ही एनएचएआई टोल दरों का प्रकाशन करेगी। उसके बाद सराय काले खां से मेरठ के बीच संभवतरू एक सितंबर से टोल लगना शुरू हो जाएगा। सराय काले खां से मेरठ के बीच दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे तैयार हो चुका है, जिसमें डासना से हापुड़ के बीच का चरण भी शामिल है। एक्सप्रेसवे के दूसरे चरण द्धयूपी गेट से डासनात्र में चिपियाना आरओबी का काम पूरा न होने के कारण मंत्रालय से टोल वसूली के प्रस्ताव को रोक दिया था। मंत्रालय का तर्क था कि कम से कम छह लेन यातायात के लिए उपलब्ध होने पर ही टोल वसूली हो। अब चिपियाना गांव की तरफ बन रहा छह लेन का आरओबी तैयार है। साथ ही एनएच-24 पुराना के दो पुराने आरओबी में से एक को यातायात के लिए खोल के रखा जाएगा, जिसकी दो लेन मिलेगी। इस तरह से आठ लेन पर वाहन दौड़ सकेंगे।

एनएचएआई अधिकारियों का कहना है कि छह लेन के नए आरओबी पर लोड टेस्ट हो चुका है, जिसे अभी यातायात के लिए खोला गया है, लेकिन मंगलवार को फिर से बंद किया जाएगा। क्योंकि अभी स्ट्रीट लाइट के लिए खंभों की फिटिंग व अन्य काम बचा है, जिसे एक बार बंद करने पर चार से पांच दिन में पूरा कर लिया जाएगा।

**1.60 से दो रुपये प्रति किमी के हिसाब से टैक्स**

एनएचएआई ने टोल वसूली का प्रस्ताव 1.60 से दो रुपये प्रति किमी की दर से करने का प्रस्ताव भेजा है, जिस चरण में आरओबी, अंडरपास या एलिवेटेड रोड की संख्या ज्यादा है, उस चरण में दो रुपये प्रति किमी तक की दर से टोल वसूली होगी। सराय काले खां से मेरठ के बीच 125 से 135 रुपये टोल वसूली हो सकती है। वहीं, डासना से मेरठ के बीच 60 रुपये टोल वसूलने का प्रस्ताव है।

**चलते वाहन से टोल वसूलने वाला पहला एक्सप्रेस**

डीएमई देश का पहला ऐसा एक्सप्रेसवे होगा, जिस पर दूरी के हिसाब से टोल वसूली होगी। चलते वाहन से फास्टैग के जरिये टोल वसूलने वाला भी पहला एक्सप्रेसवे होगा। इसके लिए पूरे एक्सप्रेसवे पर 130 ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर द्धएएनपीआरत्र कैमरे लगाए गए हैं, जिनका बीते तीन महीनों से ट्रायल चल रहा है। इसके लिए सभी फास्टैग कंपनियों के साथ भी करार हो चुका है।

**सिर्फ एक्सप्रेसवे की लेन में लगेगा टैक्स**

डासना से सराय काले खां के बीच दो लेन की सड़क बनाई गई है, जिसमें बीच की छह लेन एक्सप्रेसवे, उसके बाद दोनों तरफ की दो-दो लेन नेशनल हाईवे और एनएच के बराबर में दो-दो लेन की सर्विस रोड दोनों तरफ बनाई गई हैं। अब इन दोनों चरणों में सिर्फ एक्सप्रेसवे की लेन में चलने पर ही टोल लिया जाएगा।

**आरओबी पर लाइटिंग का काम बाकी**

अभी नए आरओबी को दो दिन के बाद बंद करेंगे। उसके बाद लाइट व अन्य काम पूरा करके खोल दिया जाएगा। इसी बीच टोल वसूली को लेकर मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। 30 अगस्त तक स्वी ति मिलने की पूरी संभावना है, उसके बाद एक सितंबर से टोल वसूली शुरू कर दी जाएगी।

## गठवाला खाप चौधरी राजेंद्र सिंह अभी भी नाराज

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**



**मुजफ्फरनगर।** गठवाला खाप में तोड़फोड़ मची हुई है। उमेश मलिक मामले के बाद कांग्रेस के दिग्गज नेता हरेंद्र मलिक और पंकज मलिक खाप के लोगों को भाजपा विरोधी प्रदर्शन में जुटाने के लिए भाकियू नेताओं के साथ मिलकर ऐडी चोटी का जोर लगा रहे हैं। दूसरी ओर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत द्वारा कोरे कागज पर माफी के ऐलान के बाद भी गठवाला खाप के बाबा चौ. राजेंद्र सिंह खरड़ गांव की खाप की पंचायत में नहीं पहुंचे। इस संबंध में उन्होंने बताया कि पंचायत की सूचना उन्हें पहले दिन दी गई। अधिक व्यस्त होने कारण वे खाप की पंचायत में नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पंचायत के आयोजकों ने उनसे राय नहीं ली। उन्हें केवल सूचना दी गई। उन्होंने कहा कि पांच सितंबर को होने वाली महापंचायत में उन्होंने गठवाला खाप के लोगों को भाग नहीं लेने का एलान किया है, जो अभी बरकरार है। उन्होंने कहा कि सर्वखाप की पंचायत में जो निर्णय लिया जाएगा उसी का पालन होगा।

## डेंगू वेंगू नहीं, संजीव बालियान डर कर भाग गयेः त्रिलोक त्यागी

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना में रालोद के भाईचारा सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा कि जयंत चौधरी का आदेश है कि भाजपा के खिलाफ भाकियू की किसी भी लड़ाई में रालोद कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ हैं। यह किसानों की लड़ाई है, किसी जाति धर्म की नहीं है। मंत्री डश्च संजीव बालियान पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि सांसद डर की वजह से मुजफ्फरनगर छोड़कर भाग गए। उन्होंने कहा कि डेंगू तुम्हें डर से हुआ है वरना डेंगू नहीं है। बुढ़ाना में रालोद नेता अमीर आलम के पुत्र पूर्व विधायक नवाजिश आलम के नेतृत्व में भाईचारा सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें रालोद नेता त्रिलोक त्यागी ने कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद के लियाकत अली पाकिस्तान जाकर प्रधानमंत्री बन सकते हैं और जिले के अमीर आलम को खराब बताओगे, यह दो बात



नहीं चलेगी। पूर्व सांसद अमीर आलम ने कहा कि पौने 4 साल पहले वह गढ़ी पुख्ता में रालोद में शामिल हुए थे। तभी उन्होंने तय कर लिया था कि भाईचारा कायम करना है। कुछ दिन बाद ही कैराना उपचुनाव में भाईचारा कायम हुआ था। तबस्सुम हसन को हर समाज का वोट मिला था। भाईचारा कायम रहेगा, तो फिरकापरस्त ताकते पस्त हो जाएंगी। पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ने जिला पंचायत में क्षेत्र पंचायत के अध्यक्ष पद के चुनाव में सारी हदे पार कर दी। लोकतंत्र की खुलेआम हत्या की गई। सम्मेलन में पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, राजपाल बालियान, रालोद जिलाध्यक्ष प्रभात तोमर, चेयरमैन सुरेंद्र सहरावत, बाली त्यागी, सत्यपाल सहरावत, अभिषेक पंवार आदि मौजूद रहे। इस सम्मेलन में आने वाली भीड़ को देखकर पूर्व विधायक नवाजिश आलम ने लोगों को समर्थन के लिए धन्यवाद किया।

## मंत्री भूपेंद्र चौधरी का पुतला फूंका



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश की भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी द्वारा बागपत में किसान मसीहा चौ चरण सिंह पर अमर्यादित टिप्पणी से नाराज रालोद छात्र सभा मुजफ्फरनगर के छात्रों ने आज मंत्री भूपेंद्र सिंह का पुतला फूंककर विरोध व्यक्त कया। आरोप है कि बागपत में मत्री द्वारा कथित रूप से चौधरी चरण सिंह को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की गई थी। इसके विरोध में जिलाध्यक्ष सार्थक लाटियान के नेतृत्व में सर्कुलर रोड पर एकत्रित होकर छात्रों ने जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। इसके बाद छात्रों ने भूपेंद्र चौधरी के पुतले को आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से सार्थक लाटियान, अरशद राणा, सरताज, आर्यन, सोनू मलिक, काजी फैज, विनय, मुकुल सैनी, मोहित, मुकुल, वासु, अनिकेत, रजनीश आदि शामिल रहे।

## कल्याण सिंह के निधन पर व्यापारियों ने जताया शोक

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक नवीन मंडी स्थल में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष अशोक कंसल ने व संचालन जिला महामंत्री श्याम सिंह सैनी ने किया। बैठक में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह जी को श्रद्धांजलि देते हुए जिला अध्यक्ष अशोक कंसल ने कहा की स्वर्गीय कल्याण सिंह भाजपा में मंडल व कमंडलके गठजोड़ थे। उन्होंने भाजपा को नया आधार दिया उनके इस प्रयोग से भाजपा सत्ता में आई। कल्याण सिंह जी भाजपा के अकेले नेता थे जिन्हें बाबरी ढांचा ढाई जाने की सजा अदालत ने दी जबकि पार्टी के सब नेता बरी हो गए। जिला महामंत्री श्याम सिंह सैनी ने कहा कि उन्होंने भाजपा की आरक्षण नीति कैसी हो वह उसके सूत्रधार थे । सत्ता व संगठन में पिछड़ों को हिस्सेदारी देने की हिमायत की,भाजपा को अगड़ो की पार्टी के खोल से बाहर निकालकर पिछड़ी राजनीति में व्यापक आधार दिया। नगर अध्यक्ष अजय सिंघल ने कहा कि मुख्यमंत्री का पद संभालने से पहले वह अयोध्या गए और राम मंदिर बनाने की शपथ ली जिसे उन्होंने अपनी सरकार की बर्खास्तगी तक निभाया। प्रदेश मंत्री सुनील तायल व प्रदेश प्रचार मंत्री सरदार सुलखन सिंह ने कहा कि उन्होंने फाइल मंगा कर उस पर गोली न चलाने के लिखित आदेश दिए ताकि बाद में किसी अफसर की जवाबदेही ने हो बैठक में राकेश गर्ग बाबूराम मलिक दिनेश बंसल विजेंद्र धीमान प्रवीण खेड़ा संजय मित्तल सलीम हैदर जैदी संजय मिश्रा मनीष चौधरी नरेश गोयल विकास अग्रवाल अमित मित्तल अजय गुप्ता इस जुनेजा अलका शर्मा रोशनी पांचाल नीरज गौतम श्रवणअग्रवाल विजय वर्मा अनिल तायलयश कपूर पंकज अपवेजा अनिल नामदेव अशोक छाबड़ा संजय सिंघल आदि आदि भामाशाह उपस्थित रहे।

# राजपाल सैनी और उनके बेटे सिवान सैनी का हुआ स्वागत समारोह



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद बसपा के दिग्गज नेता राजपाल सैनी और उनके बेटे सिवान सैनी का मुजफ्फरनगर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी पूर्व राज्यमंत्री मुकेश चौधरी, पूर्व विधायक अनिल कुमार, राकेश शर्मा और महा नगर अध्यक्ष आलिम सिद्दीकी की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल मीडिया प्रभारी साजिद हसन रामनिवास पाल उमादत्त शर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने राजपाल सैनी व उनके साथी नेताओ के सपा में आने पर 2022 में सपा के लिये जिले की चुनावी राजनीति को मजबूत कदम बताते हुए जनपद की सभी सीटों पर सपा के जितने के अभियान में एक बड़ा मजबूत कदम बताया है। पूर्व राज्यसभा सांसद व पूर्व मंत्री राजपाल सैनी ने सम्बोधन में कहा कि भाजपा सहित अन्य दलों में पिछडो की वोट लेकर उनको सम्मान व अधिकार न देने के चलते पिछड़े वर्ग के लोग उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। सपा में सभी वर्गो के सम्मान व सभी के अधिकारों के लिए संघर्ष को देखते हुए पिछड़ी जाति के लोग सपा से जुड़कर इस बार अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एकजुट है पिछडो व सर्वसमाज की आवाज सही मंच से बुलन्द करने के लिए उन्होंने सपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। पूर्व मंत्री राजकुमार यादव व पूर्व सपा प्रत्याशी चरथावल मुकेश चौधरी ने पूर्व मंत्री राजपाल सैनी,रामनिवास पाल, उमादत्त शर्मा,देवेंद्र सिंह खालसा व हरेंद्र पाल के सपा में आने के फैसले का स्वागत करते हुए जनपद में सपा के मजबूत जनाधार बढ़ने वाला कदम बताया। पूर्व विधायक अनिल कुमार पूर्व प्रत्याशी राकेश शर्मा ने कहा कि आज मजदूर किसान युवाओ के उत्पीड़न वाली भाजपा सरकार से हर वर्ग के उत्पीड़न व दमन से मुक्ति के लिए सिर्फ सपा सरकार लाना ही एकमात्र विकल्प है तथा इसी विकल्प पर प्रदेश की राजनीती घूम रही है। अन्य दलों से आये मजबूत नेताओ से सपा को चुनाव में बड़ा फायदा होना तय है। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व कई मंडलो के कोर्डिनेटर रहे सपा में शामिल हुए रामनिवास पाल ने कहा कि की भाजपा व अन्य दलों की पिछड़े वर्ग से उपेक्षा उनको बहुत महंगी पड़ेगी। सपा का पिछडो को सम्मान देना व सत्ता में भागीदारी देना कभी किसी से छुपा नही है इसलिए सपा में आकर पिछड़े वर्ग के लोगो को सपा से जोड़ा जाएगा। कांग्रेस को अलविदा कहकर सपा में शामिल उमादत्त शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के खिलाफ जो अत्याचार का अभियान भाजपा की योगी सरकार ने चलाया है उसका जवाब ब्राह्मण समाज सपा के साथ जुड़कर 2022 के चुनाव में देने जा रहा है। खतौली विधानसभा के पूर्व बसपा प्रत्याशी रहे शिवान सैनी व अकाली दल के सरदार देवेंद्र सिंह खालसा ने कहा कि किसान मजदूर युवाओ के उत्पीड़न, बढ़ती बेरोजगारी महंगाई देने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ मजबूत लड़ाई केवल सपा लड़ने में सक्षम है इसलिए वह सपा में आने के बाद 2022 के चुनाव में सपा की मजबूती के लिए पूरी मेहनत करेंगे। प्रोग्राम के दौरान अनेक सामाजिक संगठन के लोगो द्वारा भी पूर्व सांसद राजपाल सैनी व सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एवम सपा में शामिल हुए नेताओं का स्वागत किया गया। जनसभा को भाजपा छोड़कर सपा में आये हरेंद्र पाल,वरिष्ठ सपा नेता राशिद सिद्दीकी,अंसार आढ़ती,महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी,सपा नेता मुफ्ती जुल्फिकार,पूर्व दर्जा राज्य मंत्री महेश बंसल सपा नेता गौरव जैन,सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन, मेराजुद्दीन तेवड़ा,शौकत अंसारी,ठाकुर सुखपाल, राकेश कश्यप,गोल्डी अहलावत,दीपक गम्भीर फिरोज अंसारी,श्रीमति अलका शर्मा,बाला किन्नर,सतबीर त्यागी,इरशाद जाट,सरदार जसबीर सिंह,आदि ने सम्बोधित किया।

## पीएचसी पुरकाजी मंडल में अव्वल, मिलेंगे दो लाख, बाकी को 50-50 हजार मिलेंगे

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जिले के नौ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पीएचसी बुढ़ाना, पुरकाजी, मोरना, छपार, बघरा, घासीपुरा, मौहम्मदपुर, तुगलकपुर, सिकंदरपुर को कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-21 का पुरस्कार मिला है। पीएचसी पुरकाजी जिले में पहले स्थान पर है। पुरकाजी पीएचसी को 81.80 अंक प्राप्त हुए हैं। इसे पुरस्कार के रूप में दो लाख रुपये मिलेंगे, जबकि बाकी पीएचसी को 50-50 हजार रुपये मिलेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय द्वारा प्रदेश के 75 जिलों से कायाकल्प अवार्ड के लिए चुने गये 295 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सूची जारी की गयी है। प्रदेश स्तर पर पुरस्कार मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में खुशी का माहौल है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड योजना में पुरकाजी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्धपीएचसीत्र का नाम चमका है। पीएचसी पुरकाजी को पहले भी कायाकल्प अवार्ड मिल चुका है, जिसके बाद सहारनपुर मंडल में पीएचसी पुरकाजी पहले स्थान पर रही है। उन्होंने बताया-सरकार ने सभी चिकित्सा इकाइयों में स्वच्छता व्यवस्था के सु ढ़ीकरण के लिए वर्ष 2द्15 में कायाकल्प अवार्ड की शुरुआत की थी। उन्होंने बताया जिला अस्पताल, उप.विभागीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के तहत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, जो उच्च स्तर की स्वच्छता, साफ-सफाई एवं संक्रमण पर नियंत्रण और बेहतर चिकित्सा सुविधा के मूल्यांकन में खरे उतरते हैं, उन्हें कायाकल्प अवार्ड दिया जाता है। इसमें चिकित्सा इकाई पर रोगी की संतुष्टि का भी मूल्यांकन किया जाता है।

## टाऊनहॉल रोड स्थित डॉ0 देवेन्द्र सैनी के हॉस्पिटल में मरीज की मौत के बाद फिर हुआ बवाल



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** कोरोना की दूसरी लहर के दौरान एक कोरोना मरीज की मौत तथा अवैध वसूली के आरोपों को लेकर चर्चाओं में रहे शहर के टाऊनहॉल रोड स्थित एक हॉस्पिटल में बीती रात एक मरीज की मौत के बाद फिर बवाल हुआ। मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। पूर्व मंत्री योगराज सिंह भी मौके पर पहुंचे। बाद में अस्पताल प्रशासनए सिविल लाईन पुलिस व परिजनों के बीच समझौते के बाद मामला निपटा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जनपद के भौराकलाँ थाना क्षेत्र के गांव शिकारपुर निवासी रोशन पुत्र राधेश्याम को करीब तीन दिन पूर्व हृदय रोग से पीडित होने के कारण टाऊनहॉल रोड पर स्थित डॉ0 देवेन्द्र सैनी के हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। मरीज के परिजनों का आरोप है कि उनसे मरीज के भर्ती होते ही 80 हजार रुपये जमा करा लिए गए। उनका आरोप है कि डॉक्टर मरीज को देखने तक नहीं आए। यहां तक कि जब मरीज अस्पताल में जिंदगी ओर मौत से जूझता हुआ तडफ रहा था तो अस्पताल के कर्मचारी भी वहां मौजूद नहीं थे। परिजनों के अनुसार बीती रात करीब आठ बजे रोशन की मौत हो गईए लेकिन उन्हें 10 बजे इसकी सूचना दी गई। मरीज की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों ने हंगामा शुरु कर दिया। सूचना पाकर थाना सिविल लाईन पुलिस भी मौके पर पहुंची। देर रात करीब एक बजे पूर्व मंत्री तथा रालोद नेता योगराज सिंह मौके पर पहुंचेए जिसके बाद अस्पताल प्रशासनए चिकित्सकोंए थाना सिविल लाइन पुलिस व परिजनों के बीच समझौते के बाद यह मामला निपटा।

## मानसिक तनाव के चलते फैक्ट्री मालिक ने की आत्महत्या, फांसी पर लटका मिला शव



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के मोहल्ला दक्षिणी कृष्णापुरी में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दोना फैक्ट्री में मालिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ दिनों से तनाव में चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि मानसिक तनाव के चलते फैक्ट्री मालिक ने आत्महत्या की है। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। जानकारी के मुताबिक दक्षिणी ष्णापुरी निवासी दीपक की घर के पास ही दोना फैक्ट्री है। सोमवार शाम उसका शव फैक्ट्री के प्रांगण में लटका मिला। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर परिजनों से बातचीत की। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में चल रहा था। पिछले दो दिनों से उसने खाना भी नहीं खाया था। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए

## पुलिस ने मुठभेड़ में तीन शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद




**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** खतौली कोतवाली पुलिस ने अलकनन्दा नहर पुल के पास से मुठभेड़ के बाद तीन शातिर बदमाश फरमान, अहमद और जुनैद को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने एक तमंचा कारतूस व एक चाकू और एक संदिग्ध मोटरसाइकिल के साथ 21 तारीख की रात कस्बे के लाल मौहम्मद मौहल्ले के निवासी अफजाल अहमद के मकान में हुई चोरी का सामान भी बरामद किया है। सीओ खतौली राकेश कुमार सिंह के मुताबिक पकड़े गए बदमाश बड़े ही शातिर किस्म के अपराधी है,जिनपर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 2 दर्जन से ज्यादा लूट, चोरी और डकैती जैसे मुकदमें दर्ज है। इन बदमाशों के पास से चोरी का एक लेपटक्षप, 3 मोबाईल, 11 हजार की नगदी ओर ड्राइफूड के पैकेट भी पुलिस ने बरामद किए है। पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी बदमाशों को जेल भेज दिया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।